आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 11.05.2025

समय 1310

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की।
- आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा 14 मई से नैनीताल के काठगोदाम से शुरू होगी। यात्रा की सभी तैयारियां पूरी।
- सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए। चारधाम व यात्रा मार्गों पर पुलिस और अर्धसैनिक बल पूरी तरह मुस्तैद।
- और... मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। कल से मौसम सामान्य रहेगा।

..................................................................

संघर्ष विराम उल्लंघन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने आवास पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सशस्त्र बल संघर्ष विराम उल्लंघन का उचित जवाब दे रहे हैं। भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से संघर्ष विराम उल्लंघन को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है। श्री मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

खबर है कि देर रात के बाद से बॉडर पर स्थिति सामान्य बनी हुई है।

..................................................................

भ्रामक खबरें

केंद्र सरकार ने कहा है कि कई युद्ध के गेमिंग वीडियो को हाल ही में भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में भ्रामक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। लोगों से ऐसे प्रचार वाले पोस्ट से बचने की सलाह दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि युद्ध गेमिंग फुटेज सोशल मीडिया बड़ी मात्रा में दिखाये जा रहे है। लोगों को इनसे सतर्क रहना चाहिये।

रक्षा मंत्री के कार्यालय के नाम से व्हाट्सएप पर एक संदेश भी प्रसारित हो रहा है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की स्थिति के मद्देनजर नागरिक तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं। पीआईबी ने कहा है कि यह संदेश फर्जी है और सरकार ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है।

इस महत्वपूर्ण समय में प्रत्येक जानकारी की सावधानीपूर्वक जांच करना महत्वपूर्ण है। कोई भी संदिग्ध सामग्री विशेष रूप से भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से संबंधित कोई भी जानकारी की सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को देनी चाहिए। ऐसी सामग्री व्हाट्सएप नंबर 8799711259 और ईमेल आईडी – सोशल मीडिया एट पीआईबी डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी भेजी जा सकती है।

..................................................................

आदि कैलाश यात्रा

भक्ति और आध्यात्म से परिपूर्ण आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा 14 मई से नैनीताल के काठगोदाम से शुरू होगी। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि यात्रा से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 14 मई को यात्रा का पहला जत्था काठगोदाम से रवाना होकर नैनीताल, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर गुंजी पहुंचेगा... जहां से जॉलिंगकोंग में आदि कैलाश और नाभीढांग में ओम पर्वत के दर्शन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा के लिए अब तक 102 यात्रियों ने पंजीकरण करा लिया है। इसके अलावा कुमाऊं मंडल विकास निगम ने यात्रियों के ठहरने और परिवहन की उचित व्यवस्था की है।

उधर, कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 13 मई निर्धारित है। कैलाश मानसरोवर सेवा समिति के अध्यक्ष केके सिंह ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से 25 अगस्त तक उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रा और सिक्किम के नाथू ला के रास्ते से होगी। इस साल उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे पांच जत्थों और सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए 10 जत्थों में तीर्थयात्री यात्रा करेंगे। प्रत्येक जत्थे में 50 श्रद्धालु शामिल रहेंगे।

..................................................................

चारधाम सुरक्षा

चारधाम यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उत्तराखंड पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा के मद्देनजर पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं, पुलिस के जवान लगातार संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इसके साथ ही बाहरी लोगों का सत्यापन भी किया जा रहा है। पुलिस ने बाहरी राज्यों से आए श्रमिकों, फड़–फेरी, डंडी–कांडी संचालकों आदि समेत 114 लोगों का सत्यापन किया। सुरक्षा के मद्देनजर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर चेकिंग की जा रही है।

उधर, चारधाम यात्रा के मद्देनजर बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए चमोली यातायात ने विशेष चेकिंग अभियान के तहत सख्त कार्रवाई की है। इस अभियान में नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कुल 44 वाहनों का चालान किया गया। इन वाहनों से कुल 34 हजार 500 रुपये का चालान वसूला गया है। पुलिस का कहना है कि यात्रा चरम पर होने के कारण यातायात का दबाव बढ़ गया है, ऐसे में नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे। यात्रा मार्ग पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इस तरह की चेकिंग और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यात्रियों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं और वाहनों पर किसी भी तरह की अनधिकृत एक्सेसरीज जैसे काली फिल्म आदि का प्रयोग न करें।

..................................................................

श्रद्धालुओं में उत्साह

चारधाम यात्रा को लेकर देश–विदेश के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। देश के विभिन्न राज्यों से केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं ने यात्रा मार्गों और मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है और सरकार का आभार जताया है।

..................................................................

मौसम

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश के आसार हैं। इस दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की गई है। विभाग ने इस दौरान गरज के साथ बिजली गिरने, तेज बौछारें पड़ने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार कल से पूरे प्रदेश में मौसम सामान्य रहेगा।

..................................................................

आईपीएल

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद आज प्रतियोगिता पूरा करने के संभावित कार्यक्रम पर चर्चा करेंगे। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बोर्ड ने शुक्रवार को आईपीएल निलंबित कर दिया था। प्रतियोगिता के 16 मैच शेष हैं। भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष के कारण 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच रद्द कर दिया गया था।

..................................................................

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है।

..................................................................